# अभ्यास प्रश्नपत्र 2020-21 विषय-हिंदी 'अ'(कोड 02) कक्षा 10 (सेट-3)

## निर्धारित समय - 3 घंटे अधिकतम अंक - 80

**सामान्य निर्देश**:- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए -

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'
- खंड 'अ' में कुल 10 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड - 'अ' वस्तुपरक प्रश्न**

**(अपठित-अंश)**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न सं 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | **5X1=5** |
| | हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रूप में; फ़सल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की ख़ुशी में हों या महापुरुषों की याद में; सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मज़बूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं ख़ुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। त्योहारों के द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं किस विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, किंतु उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीक़े अलग अलग हैं। | |
| 1. | त्योहार किसे मज़बूती प्रदान करते हैं?<br>i. देश के नागरिकों के आत्मबल को<br>ii. हमारे आदर्शों और भावनाओं को<br>iii. देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | त्योहार जनमानस के मन में क्या भर देते हैं?<br>i. आलस्य, उदासी<br>ii. उल्लास, उमंग एवं ख़ुशहाली<br>iii. शक्ति और उत्साह<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | महापुरुषों के उपदेश हमें क्या याद दिलाते हैं?<br>i. हम सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं<br>ii. अपने बल और पौरुष द्वारा प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं<br>iii. अपने मानसिक बल द्वारा प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं<br>iv. अपने शक्ति-प्रदर्शन द्वारा प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं | |
| 4. | त्योहारों के माध्यम से हमें क्या शिक्षा मिलती है?<br>i. धर्मों के रास्ते अलग-अलग हैं, किंतु उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीक़े अनेक हैं<br>ii. त्योहार ख़ुशियाँ लेकर आते हैं<br>iii. धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, किंतु उस लक्ष्य तक पहुँचनेके तरीक़े अलग अलग हैं<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| 5. | इस गद्यांश का उचित शीर्षक होगा<br>i. त्योहार<br>ii. त्योहार और हम<br>iii. त्योहारों का महत्त्व<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| | **अथवा** | |
| | यदि हमारे वृक्ष स्वस्थ हैं, तो निश्चित मानिए हम भी स्वस्थ हैं। हमें तो प्राणवायु उन्हीं से मिलती है। हम कार्बनडाईआक्साइड छोड़ते या उन्हें देते हैं और वे बदले में ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे जीवन की हर गतिविधि के लिए आवश्यक है। हमारे स्वास्थ्य का हर बिंदु ऑक्सीजन की उपलब्धता से अनुप्राणित है। हम यदि अपने आस-पास खड़े वृक्षों की रक्षा का ज़िम्मा अपने कंधों पर उठा लें तो निश्चित मानिए कि अपने आपको लम्बे समय तक स्वस्थ रखने की गारंटी प्राप्त कर ली है। वृक्षों की रक्षा में ही हमारे जीवन की सुरक्षा का राज छिपा है। कहा जाता है कि एक स्वस्थ मन हज़ारों सोने के सिंहासनों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है, क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ है। कुत्सित विचारों वाले लोग अपना जीवन तो चला सकते हैं लेकिन समाज और देश को नहीं चला सकते। करोड़ों परिवारों के सुनहरे भविष्य के बारे में वही चिंतन, मनन और सृजन कर सकता है, जो व्यर्थ के लालच, लोभ और षड्यंत्रों से मुक्त हो और जिस पर किसी भी प्रकार का कोई अनुचित दबाव न हो। | |
| 1. | हमारा स्वास्थ्य वृक्षों पर किसलिए निर्भर है?<br>i. वृक्षों के नीचे हम निवास करते हैं<br>ii. वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं<br>iii. वृक्ष हमें दवाइयाँ देते हैं<br>iv. उपरोक्त सभी | |
| 2. | हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में वृक्षों का क्या महत्त्वपूर्ण योगदान है?<br>i. वृक्ष कार्बनडाईआक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन देते हैं<br>ii. वृक्ष हमें कार्बनडाईआक्साइड देते हैं | |

| | | |
|---|---|---|
| | iii. वृक्ष नाइट्रोजन देते हैं<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| 3. | हमारे जीवन की सुरक्षा का राज किस में छिपा है?<br>i. वृक्षों को काटने में<br>ii. वृक्षों से लाभ उठाने में<br>iii. वृक्षों की रक्षा में<br>iv. क और ख दोनों | |
| 4. | गद्यांश में स्वस्थ मन को सर्वाधिक मूल्यवान क्यों कहा गया है?<br>i. क्योंकि उससे करोड़ों महल ख़रीदे जा सकते हैं<br>ii. क्योंकि स्वस्थ मन हमें शक्तिशाली बनाता है<br>iii. इससे हम धनवान होते हैं<br>iv. क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ होता है | |
| 5. | गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए<br>i. वृक्ष और हम<br>ii. जीवन में वृक्षों का महत्त्व<br>iii. राष्ट्र निर्माण<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| **प्रश्न सं 2.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | **5X1=5** |
| | निज रक्षा का अधिकार रहे जन-जन को, सबकी सुविधा का भार किंतु शासन को।<br>मैं आर्यों का आदर्श बताने आया, जन सम्मुख धन को तुच्छ बताने आया।<br>सुख-शांति मैं क्रांति मचाने आया, विश्वासी का विश्वास बचाने आया।<br>मैं आया उनके हेतु कि जो तापित हैं, जो विवश, विकल, बल-हीन, दीन, शापित हैं।<br>हो जाएँ अभय वे जिन्हें कि भय भासित हैं, जो कौणप-कुल से मूक-सदृश शासित हैं।<br>मैं आया जिसमें बनी रहे मर्यादा, बच जाए प्रलय से मिटे न जीवन सादा।<br>सुख देने आया, दु:ख झेलने आया, मैं मनुष्यत्व का नाट्य खेलने आया।<br>मैं यहाँ एक अवलंब छोड़ने आया, गढ़ने आया हूँ नहीं तोड़ने आया।<br>मैं यहाँ जोड़ने नहीं बाँटने आया, जग उपवन के झंझाड़ छाँटने आया।<br>मैं राज्य भोगने नहीं भुगाने आया, हंसों को मुक्ता-मोती चुगाने आया।<br>भव में नव वैभव व्याप्त कराने आया, नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया।<br>संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया, इस भू तल को ही स्वर्ग बनाने आया।<br>अथवा आकर्षण पुण्य भूमि का ऐसा, अवतरित हुआ मैं आप उच्च फल जैसा।। | |
| 1. | देशवासियों की सुख-सुविधा का भार किस पर होना माना गया है?<br>i. सेना पर<br>ii. जनता पर<br>iii. शासन पर | |

| | | |
|---|---|---|
| | iv. ईश्वर पर | |
| 2. | कवि किसकी रक्षा हेतु आने की बात कह रहा है?<br>i. विवश लोगों की<br>ii. बलहीन की<br>iii. दीन और शापित की<br>iv. इन सब की | |
| 3. | कविता में धरती को क्या बनाने की बात कही गई है?<br>i. पाताल<br>ii. स्वर्ग<br>iii. ब्रह्म लोग<br>iv. नरक | |
| 4. | 'जग उपवन के झंखाड़ छाँटने आया' पंक्ति में कवि 'झंखाड़' के माध्यम से क्या नष्ट करने को कहता है?<br>i. घास-फूस<br>ii. बिजली के तार<br>iii. सब के कष्ट, पीड़ा और बाधाएँ<br>iv. ये सब | |
| 5. | 'हंसों को मुक्ता-मोती चुगाने आया' पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग किया गया है?<br>i. उपमा<br>ii. रूपक<br>iii. श्लेष<br>iv. यमक | |
| | **अथवा** | |

| | | |
|---|---|---|
| | सुख और शोक,<br>अंधकार और आलोक<br>मोह और मत्सर,<br>शांति और संघर्ष<br>आते-जाते बने रहें,<br>तो व्यक्ति को लगता है<br>वह जी रहा है अभी,<br>जब से पैदा हुआ है वह<br>मंशाएँ इसी तरह उधेड़ रहा है, सी रहा है<br>और इसी में रमा हुआ है<br>कभी सुख से एक होता है<br>कभी शोक से, कभी अंधकार से<br>कभी आलोक से<br>गति और दुर्गति इसलिए<br>उसके पाँवों में है<br>और गति अगर कहीं है तो सिर्फ़ उसके घावों में है।<br>शुरू से अब तक<br>वे हरे हैं, जैसे के तैसे। | |
| 1. | कवि ने जीने का आधार किसे माना है?<br>i. सुख और दुःख को<br>ii. मोह और ईर्ष्या-द्वेष को<br>iii. शांति और संघर्ष को<br>iv. इन सभी को | |
| 2. | जन्म लेने के बाद से मनुष्य किस उधेड़बुन में रहता है?<br>i. खेल-कूद में समय बिताने की कोशिश में<br>ii. एक बेहतर जीवन जीने के संघर्ष में<br>iii. दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश में<br>iv. इनमें से कोई नहीं | |
| 3. | मनुष्य के उधेड़बुन में रहने का क्या कारण है?<br>i. उसे परेशानियों से बाहर निकलने का समय नहीं मिलता<br>ii. वह सोता रहता है<br>iii. वह अपने को श्रेष्ठ समझता है<br>iv. ये सभी कारण | |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | ‘गति और दुर्गति इसीलिए उसके पाँवों में है’–पंक्ति का क्या भाव है?<br>i. ये दोनों उसके पैरों के नीचे हैं<br>ii. वह जैसे कर्म करेगा वैसा ही उसका परिणाम होगा<br>iii. ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं<br>iv. क और ख दोनों | |
| 5. | घावों के हरे होने से कवि का क्या तात्पर्य है?<br>i. घाव हरे हो जाते हैं<br>ii. जीवन में दुःख आते रहते हैं<br>iii. क और ख दोनों<br>iv. जीवन में बिताए हुए दुखद क्षणों की पीड़ा सदैव बनी रहती है | |
| | **व्यावहारिक व्याकरण** | |
| **प्रश्न सं 3.** | **निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| 1. | दिनेश ने खाना खाया और चला गया। सरल वाक्य में बदलिए-<br>(i) ज्यों ही दिनेश ने खाना खाया वह चला गया ।<br>(ii) दिनेश खाना खाकर चला गया ।<br>(iii) दिनेश खाकर चला गया ।<br>(iv) जैसे ही दिनेश ने खाना खाया वह चला गया । | |
| 2. | उसके आते ही तुम छिप जाना। मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>(i) वह आए, तुम छिप जाना<br>(ii) उसके आने पर तुम छिप जाना<br>(iii) वह आए और तुम छिप जाना<br>(iv) जैसे ही वह आए, तुम छिप जाना | |
| 3. | जब उसने मुझे देखा तो खिसक गया। संयुक्त वाक्य में बदलिए-<br>(i) ज्यों ही उसने मुझे देखा वह खिसक गया<br>(ii) उसने मुझे देखा और खिसक गया<br>(iii) मुझे देखते ही वह खिसक गया<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 4. | मैं वहाँ जा रहा हूँ <u>जहाँ से तुम आए हो</u>। रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए<br>(i) संज्ञा उपवाक्य<br>(ii) विशेषण उपवाक्य<br>(iii) आश्रित उपवाक्य<br>(iv) क्रिया विशेषण उपवाक्य | |
| 5. | निम्नलिखित वाक्यों में से ‘संयुक्त वाक्य’ का सही विकल्प चुनिए-<br>(i) यदि आप नहीं मानते तो मत मानिए | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) सवेरा होते ही पक्षी चहचहाने लगे<br>(iii)मैं बाज़ार जाऊँगा और फल लाऊँगा<br>(iv)इनमें से कोई नहीं | |
| **प्रश्न सं 4.** | **निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| 1. | लड़की रात भर सो न सकी– भाववाच्य में बदलिए<br>(i) लड़की रात भर सो नहीं पाई<br>(ii) लड़की से रात भर सोया न जा सका<br>(iii) लड़की से रात भर सोया न जाएगा<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | उसके द्वारा खाना खाया जाता है–कर्तृवाच्य में बदलिए<br>(i) वह खाना खाती है<br>(ii) उससे खाना खाया जाता है<br>(iii) उसने खाना खाया<br>(iv) उससे खाना खाया नहीं जाता | |
| 3. | इनमें से कर्मवाच्य वाले वाक्य का सही विकल्प को चुनिए<br>(i) स्मिता मधुर गीत गाती है<br>(ii) अध्यापिका द्वारा बच्चों को कहानी सुनाई जाती है<br>(iii) पक्षियों से उड़ा जाता है<br>(iv) क और ख दोनों | |
| 4. | 'चलो, अब पढ़ा जाए' वाक्य में प्रयुक्त वाच्य है–<br>(i) कर्तृवाच्य<br>(ii) कर्मवाच्य<br>(iii) भाववाच्य<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 5. | निम्नलिखित में कौन सा वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण नहीं है–<br>(i) अकाल पीड़ितों को राहत सामग्री बाँटी गई<br>(ii) वृद्ध से चला नहीं जाता<br>(iii)न्यायाधीश द्वारा गुनहगार को कड़ी सज़ा दी गई<br>(iv) वर्षा के कारण क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया | |
| **प्रश्न सं 5.** | **निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| 1. | रमेश <u>तेज़</u> दौड़ा।<br>(i) अव्यय, कालवाचक क्रियाविशेषण, 'चलना' क्रिया की विशेषता का सूचक<br>(ii) अव्यय, रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'चलना' क्रिया की विशेषता का सूचक<br>(iii) अव्यय, स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'चलना' क्रिया की विशेषता का सूचक | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | निर्धन मज़दूर दिन-रात परिश्रम कर रहा है।<br>(i) विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-मज़दूर<br>(ii) संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन<br>(iii) विशेषण, संख्यावाचक, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-मज़दूर<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 3. | कल प्राचार्य जी प्रत्येक कक्षा में गए।<br>(i) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य<br>(ii) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य<br>(iii) क्रिया, अकर्मक, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य<br>(iv) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य | |
| 4. | पारितोष विद्यालय जा रहा है।<br>(i) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'जा रहा है' क्रिया का कर्ता<br>(ii) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'जा रहा है' क्रिया का कर्ता<br>(iii) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक, 'जा रहा है' क्रिया का कर्म<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 5. | वाह! कितना सुंदर दृश्य है।<br>(i) अव्यय, विस्मयादिबोधक, शोक सूचक<br>(ii) अव्यय, संबंध बोधक, दृश्य से संबंध<br>(iii) क्रिया विशेषण, स्थान वाचक, दृश्य की विशेषता बता रहा<br>(iv) अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्ष सूचक | |
| **प्रश्न सं 6.** | **निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **4X1=4** |
| 1. | शांत रस का स्थाई भाव क्या है?<br>(i) उत्साह<br>(ii) निर्वेद<br>(iii) भय<br>(iv) आश्चर्य | |
| 2. | निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए-<br>जगी उसी क्षण विद्युज्जवाला, गरज उठे होकर वे क्रुद्ध;<br>'आज काल के भी विरुद्ध है, युद्ध-युद्ध बस मेरा युद्ध'।<br>(i) वात्सल्य रस<br>(ii) अद्भुत रस<br>(iii) रौद्र रस<br>(iv) वीर रस | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | विभाव के दो भेद हैं-<br>(i) आलम्बन और उद्दीपन<br>(ii) आलम्बन और आश्रय<br>(iii) आश्रय और उद्दीपन<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 4. | 'आश्चर्य' किस रस का स्थाई भाव है?<br>(i) भयानक रस<br>(ii) अद्भुत रस<br>(iii) हास्य रस,<br>(iv) करुण रस | |
| 5. | स्थाई भावों की संख्या है-<br>(i) नौ<br>(ii) आठ<br>(iii) छः<br>(iv) दस | |
| | **पाठ्य पुस्तक** | |
| **प्रश्न सं 7.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थसबसे उचित विकल्प लिखिए -** | **5X1=5** |
| | फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बातें करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे जिसके बड़े फ़ादर बुल्के थे। हमारे हँसी-मज़ाक़ में वह निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक़ राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपनी आशीषों से भर देते। मुझे अपना बच्चा और फ़ादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना याद आता है और नीली आँखों की चमक में तैरता वात्सल्य भी - जैसे किसी ऊँचाई पर देवदार की छाया में खड़े हों। | |
| 1. | लेखक के लिए फ़ादर को याद करना कैसा है?<br>(i) किसी धार्मिक प्रार्थना को सुनने जैसा<br>(ii) उदास शांत संगीत को सुनने जैसा<br>(iii) ईश्वर को याद करने जैसा<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | 'परिमल' क्या थी?<br>(i) एक कार्यशाला<br>(ii) एक सामाजिक संस्था<br>(iii) एक साहित्यिक संस्था (समूह) | |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) क और ग दोनों | |
| 3. | साहित्यकारों की रचनाओं के प्रति फ़ादर की क्या प्रतिक्रिया होती थी?<br>(i) वे उन पर बेबाक़ राय और सुझाव देते थे<br>(ii) वे उनकी प्रशंसा करते थे<br>(iii) वे उनमें कमियाँ निकलते थे<br>(iv) वे कोई प्रतिक्रिया नहीं देते थे | |
| 4. | लेखक को क्या याद आता है?<br>(i) फ़ादर के साथ गोष्ठियों में हुई बहसें<br>(ii) फ़ादर की मृत्यु का समय<br>(iii) फ़ादर से पहली बार मिलना<br>(iv) अपना बच्चा और फ़ादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना | |
| 5. | उपर्युक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं?<br>(i) स्वयं प्रकाश<br>(ii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना<br>(iii) यशपाल<br>(iv) यतींद्र मिश्र | |
| **प्रश्न सं 8.** | **निम्नलिखितप्रश्नों के उत्तरसही विकल्प चुनकर लिखिए।** | **2x1=2** |
| 1. | 'नेताजी का चश्मा' पाठ में कैप्टन कौन था?<br>(i) एक भूतपूर्व सैनिक<br>(ii) एक दिव्यांग (विकलांग) चश्मेवाला<br>(iii) सेना का एक वीर कैप्टन<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने किस पर कटाक्ष या व्यंग्य किया है?<br>(i) आधुनिक युवा वर्ग की फ़ैशनपरस्ती पर<br>(ii) बच्चों की दिखावटी जीवन-शैली पर<br>(iii) नेताओं की खोखली बातों पर<br>(iv) पतनशील सामंती वर्ग की बनावटी जीवन-शैली पर | |
| **प्रश्न सं 9.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थसबसे उचित विकल्प लिखिए -** | **5X1=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | कितना प्रामाणिक था उसका दुख<br>लड़की को दान में देते वक़्त<br>जैसे वही उनकी अंतिम पूँजी हो<br>लड़की अभी सयानी नहीं थी<br>अभी इतनी भोली सरल थी<br>कि उसे सुख का आभास तो होता था<br>लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था<br>पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की<br>कुछ तर्कों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की | |
| 1. | माँ का कौन-सा दुख प्रामाणिक था?<br>(i) अपनी बेटी के भोली होने का<br>(ii) अपनी बेटी का कन्यादान कर उसे वर पक्ष के हाथ सौंपने का<br>(iii) अपनी पुत्री का विवाह करने का<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | बेटी को माँ की 'अंतिम पूँजी' क्यों कहा गया है?<br>(i) बेटी माँ के सुख-दुख की साथी होती है<br>(ii) माँ-बेटी में बहुत आत्मीय संबंध होता है<br>(iii) माँ को बेटी संचित धन के समान प्रिय होती है<br>(iv) उपरोक्त सभी कारणों से | |
| 3. | लड़की कैसी थी?<br>(i) भोली और सरल<br>(ii) सयानी<br>(iii) चालाक<br>(iv) बहुत बुद्धिमान | |
| 4. | 'लड़की अभी सयानी नहीं थी'- के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?<br>(i) लड़की मूर्ख थी<br>(ii) लड़की को सामाजिक कठिनाइयों और व्यापार की जानकारी नहीं थी<br>(iii) लड़की कुछ समझ नहीं पाती थी<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 5. | इस काव्यांश के कवि हैं–<br>(i) जयशंकर प्रसाद<br>(ii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'<br>(iii) ऋतुराज<br>(iv) सूरदास | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न सं 10.** | **निम्नलिखितमें से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए।** | **2x1=2** |
| 1. | 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा होइहि केउ एक दास तुम्हारा' अर्थात-शिव धनुष को तोड़ने वाला आपका कोई दास ही होगा-यह पंक्ति किसने, किससे कही है? 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर बताइए।<br>(i) लक्ष्मण ने परशुराम से<br>(ii) लक्ष्मण ने श्रीराम से<br>(iii) श्रीराम ने परशुराम से<br>(iv) इनमें से कोई नहीं | |
| 2. | 'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु का वर्णन है?<br>(i) फागुन का<br>(ii) शीत का<br>(iii) ग्रीष्म का<br>(iv) वैशाख का | |
| | **खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| | **पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक** | |
| **प्रश्न सं 11** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए -** | **2x4=8** |
| (i) | बच्चों द्वारा नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना किस बात की ओर संकेत करता है? | |
| (ii) | 'बालगोबिन भगत की मृत्यु उनके सिद्धांतों के अनुरूप ही हुई'–स्पष्ट कीजिए। | |
| (iii) | आप किस आधार पर यह कह सकते हैं की फ़ादर बुल्के हिंदी भाषा के प्रति असीम लगाव रखते थे? | |
| (iv) | 'लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं? | |
| **प्रश्न सं 12** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60-70 शब्दों में लिखिए -** | **2x3=6** |
| (i) | गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यशाली कहने में क्या व्यंग्य निहित है? | |
| (ii) | लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं? | |
| (iii) | 'उत्साह' कविता में 'नवजीवन वाले' विशेषण किसके लिए और क्यों प्रयोग किया गया है? | |
| **प्रश्न सं 13** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए -** | **3 x2=6** |
| (i) | 'माता का अँचल' पाठ में माता-पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है, उससे बच्चे में किन जीवन मूल्यों का विकास होगा? | |
| (ii) | आज की पत्रकारिता में चर्चित हस्तियों के खान-पान और पहनावे संबंधी आदतों का वर्णन करने का दौर सा चल पड़ा है, इसके संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए युवा पीढ़ी पर उसके प्रभाव के विषय में लिखिए। | |
| (iii) | प्रकृति द्वारा जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की गई है? | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न सं 14** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -**<br>**1. बढ़ती बेरोज़गारी : एक ज्वलंत समस्या**<br>• भूमिका<br>• समस्या का स्वरूप और प्रकार<br>• कारण एवं दुष्परिणाम<br>**2. हमारे राष्ट्रीय पर्व**<br>• राष्ट्रीय पर्व का अभिप्राय<br>• हमारे राष्ट्रीय पर्व<br>• मनाने के कारण तथा ढंग<br>• महत्त्व और संदेश<br>**3. मधुर वचन है औषधि कटु वचन है तीर**<br>• भूमिका तथा उक्ति का तात्पर्य<br>• मधुर वचनों का महत्त्व<br>• कटु वचनों से हानियाँ<br>• उपसंहार | **1 x5=5** |
| **प्रश्न सं 15** | अपने विद्यालय के शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय-परिसर और कक्षा-कक्ष में विशेष सुविधाओं की उपलब्धता के लिए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को 80-100 शब्दों में के पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>आप किसी पर्वतीय स्थल की यात्रा करने गए थे।वहाँ एक स्थानीय छात्र से आपकी मित्रता हुई और उसके सहयोग से आपकी यात्रा अविस्मरणीय बन गई। उसे धन्यवाद देते हुए 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। | **5** |
| **प्रश्न सं 16** | आपके क्षेत्र में एक नया पब्लिक स्कूल खुला है उसके लिए 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>आपकी एक ट्रेवल एजेंसी है। अपनी ट्रेवल एजेंसी के लिए 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | **5** |
| **प्रश्न सं 17** | अपने मित्र को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 30-40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए।<br>**अथवा**<br>अपने किसी संबंधी को नववर्ष की बधाई देते हुए 30-40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए। | **5** |